राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः–एफ.2(ग)(1)अलेसे– II/7114-23 दिनांकः– 13-12-13

आदेश संख्या 319/13–14

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29 के उप नियम (2)के अन्तर्गत लेखाकार से सहायक लेखाधिकारी पद पर पदौन्नति हेतु वर्ष 2013–14 के लिए गठित विभागीय पदौन्नति समिति की बैठक में, श्री राम अवतार मंगल (जन्म तिथि 01.12.61), लिंक नम्बर 796, लेखाकार के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, पुनरावेदन एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत संबंधित विभाग में कार्यवाही विचाराधीन होने के कारण वर्ष 2013–14 की रिक्तियों के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी के पद पर चयन करते हुए, इनके चयन के नतीजे को बन्द लिफाफे में रखा गया था।

संबंधित विभाग द्वारा आरोपो पर सहमति प्रदान नही करने से श्री राम अवतार मंगल लेखाकार के विरूद्ध विभाग में किसी तरह की जांच विचाराधीन/प्रस्तावित नही है। अतः डीपीसी अनुषंशा के अनुसार श्री राम अवतार मंगल के बन्द लिफाफे में रखे गये सहायक लेखाधिकारी के पद पर चयन के नतीजे को खोलकर, उक्त विभागीय पदौन्नति समिति की सिफारिश के आधार पर, इन्हे 2013–14 के रिक्त पद के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी पद की वेतन श्रंखला 9300–34800, ग्रेड पे--4200, (दिनांक 1.7.13 से ग्रेड पे 4800) में पदौन्नत किया जाता है।

श्री राम अवतार मंगल की वरिष्ठता वर्ष 2013–14 में चयनित सहायक लेखाधिकारी की सूची में श्री भगत राम गोयल(क.स.132) एवं श्री धनराज सोनी (क.स.134) के मध्य (क.स. 133) पर रहेगी। वित्त (राजस्व) विभाग राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक प2 (15) वित्त/राजस्व/2010 दिनांक 21.6.13 के अनुसरण में श्री राम अवतार मंगल पदौन्नति के फलस्वरूप अपने वर्तमान पद पर इस पद को अस्थाई रूप से यथा आवश्यकतानुसार (सहायक लेखाधिकारी) क्रमोन्नत मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेंगे।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांकः–एफ.2(ग)(1)अलेसे– II/7114-23 दिनांकः– 13-12-13

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. उप शासन सचिव, वित (राजस्व) विभाग, राज.
2. सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग,राज. अजमेर
3. कार्यालय अध्यक्ष.............................................
4. श्री राम अवतार मंगल लेखाकार.....................................
5. निजी सहायक निदेशक महोदया
6. अलेसे–II/डीपीसी शाखा/ए.सी.आर. शाखा
7. गार्ड फाईल निजी पत्रावली
8. उप निदेशक (एसीपी)को वेबसाइट पर अपलोड एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु

(के.एम. मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)